# राजकीय महाविद्यालय चम्बा हिमाचल प्रदेश

**Accredited 'B+' By NAAC**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चम्बा हि. प्र.

आरोह तमसो ज्योति

# वार्षिक प्रतिवेदन

**2021-2022**

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के शुभावसर पर,
सेवा में प्रस्तुत

# श्री पवन नैय्यर

माननीय विधायक चम्बा सदर, जिला चम्बा (हि.प्र.)

**प्रस्तुति : 5 अप्रैल 2022**

**सम्पादकीय**
**डॉ० विजय नाग**
**डॉ० जयश्री**
**डॉ० सन्तोष कुमार**

**प्राचार्य**
**डॉ० शिव दयाल**

# वार्षिक प्रतिवेदन

मान्यवर,

राजकीय महाविद्यालय चम्बा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री पवन नैय्यर जी माननीय विधायक चम्बा सदर, उपस्थित अतिथिगण,पत्रकार बन्धु, सहयोगी वर्ग एवं प्रिय विद्यार्थियो, आज के इस समारोह के शुभ अवसर पर मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

हम इस समारोह के मुख्यातिथि के अत्यन्त आभारी हैं जिन्होंने अपना कीमती समय निकालकर समारोह में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई है। यह हमारा परम सौभाग्य है कि आज हमारे मध्य एक ऐसे प्रतिष्ठित और विशिष्ट महानुभाव मुख्यातिथि के रूप में विराजमान हैं जो स्वयं कर्मठता,साहस और सफलता के प्रतीक हैं।

माननीय विधायक श्री पवन नैय्यर जी का जन्म 26 जुलाई, 1952 को चम्बा में ही हुआ । आपके पिता एक महान राजनीतिज्ञ तथा सामाजिक कार्यकर्त्ता थे । समाज सेवा आपको विरासत से ही मिली है आपने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चम्बा से प्राप्त करने के पश्चात् 1976 में इसी महाविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। आप बैडमिंटन और टेबल टैनिस के कई वर्षों तक विजेता रहे हैं तथा अनेक बार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चम्बा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं आप टेबल टैनिस के अनेक बार जिला अध्यक्ष रह चुके हैं, वर्तमान में भी राज्य टेबल टैनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। आपने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1986 में नगर परिषद् का चुनाव जीतने के साथ की इसके बाद आपने इस चुनाव में लगातार जीत हासिल की तथा दो बार वाइस प्रजिडेंट भी रहे ।आपने 2017 में भारतीय जनता पार्टी के टिकट से विधान सभा चुनाव लड़ा और शानदार जीत हासिल की । आप 2017 से हिमाचल विधान सभा में चम्बा सदर का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं । महोदय आपकी सक्रियता गांव गांव में देखी जा सकती है ।आप लोगों की समस्याओं से भली भांति परिचित है तथा उनके समाधान के लिए दिन रात तत्पर रहते हैं, यही कारण है कि आप चम्बा के लोगों के दिलों में बसते हैं ।

इससे पहले कि मैं सत्र 2020–2121 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करूँ, मैं आज के समारोह के मुख्य अतिथि का इस मांगलिक अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ। आपके द्वारा पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने आप को सौभाग्यशाली समझेगें। मैं आशा करता हूँ कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी आपसे प्रेरणा लेकर आपके गुणों को अपने व्यक्तित्व में ढालने का प्रयास भी करेंगे।

# भूमिका

राजकीय महाविद्यालय चंबा की स्थापना 15 मई, 1958 को ऐतिहासिक अखंड चण्डी महल चंबा में हुई थी। शैक्षणिक सत्र 2021–22 में महाविद्यालय में 4569 छात्र पंजीकृत हुए थे। राजकीय महाविद्यालय चंबा UGC के Act, 2 (f) तथा 12 B 1956 के अंतर्गत आता है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने महाविद्यालय को सितंबर 2016 में B ग्रेड से सम्मानित किया था। महाविद्यालय में चल रहे सभी पाठ्यक्रम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से affiliated हैं। सत्र 2020–21 में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने महाविद्यालय को उन्नत भारत अभियान 2.0 के अंतर्गत लिया है व चंबा जिला का **District green champion** घोषित किया है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने महाविद्यालय के आधुनिकीकरण के लिए इसे महाविद्यालय उत्कृष्ट योजना 2021 के अंतर्गत लिया है। बहुत ही गर्व की बात है कि राजकीय महाविद्यालय चंबा में 33 शैक्षणिक programme चल रहे हैं, जिसमें से M.A. में 05 (English, Hindi, Economics, History & Political Science), B. A. में 15, B.Sc. में 07, B.Com. में 01, B.Voc. में 02 व Self financing में 03 (BCA, BBA & PGDCA) programme हैं।

## महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक एवं अन्य कर्मचारियों का विवरण

### प्राध्यापक वर्ग :–

महाविद्यालय में कार्यरत् प्राध्यापक सुयोग्य, परिश्रमी एवं अपने–अपने क्षेत्र में लब्धप्रतिष्ठ हैं। महाविद्यालय में प्राचार्य सहित प्राध्यापकों के 47 पद स्वीकृत हैं। जिनमें से 29 पद भरे हुए हैं, और ये सभी 29 प्राध्यापक नियमित रुप से महाविद्यालय में कार्यरत हैं । प्राध्यापक वर्ग के 18 पद रिक्त हैं जिनका विवरण निम्न प्रकार से है :–

लोक प्रशासन –01, शारीरिक शिक्षा–01, संस्कृत–01, संगीत (वाद्य)–01, संगीत (गायन)–01, राजनीति शास्त्र–02, भू–विज्ञान–02, भैतिक विज्ञान 01, रसायन विज्ञान 01, अंगेजी–03, इतिहास–01, हिन्दी–02 तथा टूर एण्ड ट्रेवलज में में 01 पद रिक्त है।

## कार्यालय कर्मचारी वर्ग–

कार्यालय कर्मचारी वर्ग में कार्यालय अधीक्षक सहित 25 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 21 पदों पर कर्मचारी कार्यरत् हैं। इस वर्ग में सीनियर असिस्टेंट, क्लर्क, LA तथा तबला Instructor का 01–01 पद रिक्त है।

## विद्यार्थी संख्या–

वर्तमान में महाविद्यालय में 4569 विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं जिनमें से 2223 छात्र और 2346 छात्राएँ हैं। महाविद्यालय में 651 छात्र–छात्राएं अनुसूचित जाति, 784 छात्र–छात्राएं अनुसूचित जन–जाति, 77 छात्र–छात्राएं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 3057 छात्र–छात्राएं सामान्य वर्ग से सम्बन्धित हैं।

## सत्र 2021–2022 में घोषित परिणाम :–

स्नातक कक्षाओं के परिणाम

| Sr. No. | Subject | Appeared | Pass | Percentage % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | B.A | 954 | 875 | 92% |
| 2 | B.Com | 86 | 80 | 93% |
| 3 | B.Sc | 116 | 100 | 86% |
| 4 | BBA | 24 | 23 | 96% |
| 5 | BCA | 28 | 26 | 93% |
| 6 | B.Voc | 60 | 51 | 85% |
| 7 | PGDCA | 27 | 20 | 74% |

स्नातकोत्तर कक्षाओं के परिणाम :–

| Sr. No. | Subject | Appeared | Pass | Percentage % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Economics | 09 | 08 | 89% |
| 2 | English | 09 | 07 | 78% |
| 3 | Hindi | 20 | 20 | 100% |
| 4 | Political Science | 17 | 16 | 94% |
| 5 | History | 20 | 16 | 80% |

## आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा –

छात्रों की योग्यता का मूल्यांकन करने और अध्ययनशीलता को विकसित करने के लिए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का बहुत महत्व है। इसी श्रृंखला में असिस्टैंट प्रो॰ डॉ॰ तेज सिंह तथा डॉ॰ सुनील कुमार की देख– रेख में Mid Term परीक्षाएं फरवरी 2022 में करवाई गई।

## छात्र वृत्तियां –

महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों में से योग्य छात्रों को विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी योजनाओं के तहत छात्रवत्तियां प्रदान की जाती है । पिछले वर्ष सत्र 2020–21 में कुल 48 छात्र–छात्राओं व सत्र 2021–22 में कुल 41 छात्र–छात्राओं से छात्रवृत्ति आवेदन प्राप्त किए गए ।

इसके अंतर्गत इस वर्ष कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना के तहत 23 छात्राओं को पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम के तहत, इंदिरा गांधी उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना के तहत 2, Central Sector Scheme of Scholarship for College and University Students के तहत 04 व IRDP योजना के तहत 01 छात्र को छात्रवृति प्रदान की जा रही है । महाविद्यालय में छात्रों को स्कॉलरशीप संबंधित सूचनाओं व मदद के लिए छात्रवृति सुविधा केंद्र की स्थापना की गई है ।

## खेल–कूद गतिविधयां :–

राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अंतर महाविद्यालयों खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया ।

वर्तमान सत्र में महाविद्यायल में दो दिवसीय हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यायल शतरंज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया ।

## सांस्कृतिक गतिविधयां :–

जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया जिसमें हारमोनियम एकल में सुभाष ने प्रथम, सुल्ताना अख्तर ने एकल गायन में प्रथम, लोक गायन तथा लोक नृत्य में द्वितीय व एकल गायन में शिखर ने द्वितीय स्थान हासिल किया ।

## इरावती (वार्षिक पत्रिका)

छात्रों के स्वतन्त्र लेखन की मनोवृति को उद्घाटित करने के लिए तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिमा को प्रोत्साहन देने हेतू महाविद्यालय की इरावती पत्रिका का प्रकाशन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। इस पत्रिका के सम्पादन मण्डल का विवरण इस प्रकार है:——

संरक्षक :– डॉ शिवदयाल शर्मा मुख्य सम्पादक :– प्रो. अविनाश

| अनुभाग | प्राध्यापक सम्पादक |
|---|---|
| अंग्रेजी | प्रो. पूर्णिमा शर्मा |
| हिन्दी | डॉ॰ सन्तोष |
| पहाड़ी | श्रीमती पूनम सबरवाल |
| योजना | डॉ. उपेन्द्र गुप्ता |
| शारीरिक शिक्षा | श्री परविन्द्र कुमार |
| विज्ञान | कुमारी सुमित |
| भूगोल | श्रीमती शिवानी ठाकुर |
| वाणिज्य | डॉ विदुषी शर्मा |

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (ईकाई चम्बा) :–

महाविद्यालय में इग्नू अध्ययन केन्द्र 1106 की स्थापना वर्ष 1990 में हुई थी । वर्तमान में प्रो. राकेश राठौर इस केन्द्र के समन्वयक एवं डॉ. जयश्री सहायक समन्वयक है । इस अध्ययन केन्द्र में लगभग 2500 शिक्षार्थी अध्ययनरत हैं इस केन्द्र में इडक्शन मीटिंग, काउंसलिंग, असाइनमैंट मूल्यांकन तथा वर्ष में दो बार सत्रांत परीक्षा का आयोजन किया जाता है ।

यह अध्ययन केन्द्र उन सभी शिक्षार्थियों को दूरस्थ शिक्षा की सुविधा प्रदान करता है जो विभिन्न कारणों से नियमित अध्ययन से वंचित रहते हैं। इस अध्ययन केन्द्र में B.A., B.Sc, B.Com, M.A., MBA, MCA से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रम तथा Post Graduate Diploma एवं Certificate Courses सफलता पूर्वक करवाए जाते हैं। पठन सामग्री की आपूर्ति के अतिरिक्त इग्नू शिक्षार्थियों को उनके घर द्वार पर ई–ज्ञान कोश, ज्ञान दर्शन, ज्ञान वाणी, ज्ञान धारा, इग्नू मोबाइल एप और अपनी वेबसाईट के माध्यम से भी पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाता है ।

## पुस्तकालय :–

महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की 21,901 पुस्तकें उपलब्ध हैं IRDP परिवार से संबंधित विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय में Book Bank की सुविधा है और इस बैंक Book Bank में 3826 पुस्तकें उपलब्ध हैं ।

पुस्तकालय में 10 समाचार पत्र तथा 20 साप्ताहिक व मासिक पत्रिकाएं आती हैं। महाविद्यालय का पुस्तकालय कम्पयूटरी कृत है तथा पुस्तकों की सूची SOUL SOFTWARE में डाली गई है ।

वर्तमान सत्र में Soul 2.0 Software की Updation Soul 3.0 में की गई है। इसी सत्र में NLIST भी Subscribe किया गया जिसमें विद्यार्थियों को free Journal, E-Books पढ़ने की सुविधा मिल रही है। इस सत्र से विद्यार्थियों Bar Code पहचान पत्र जारी किए गए और Bar Code Scanning के लिए पुस्तकालय में Scanner की व्यवस्था की गई है । सत्र 2021–22 में Library Fund के अन्तर्गत रु. 2,67,711 की 1040 विभिन्न विषयों की पुस्तकें खरीदी गई ।

# राष्ट्रीय सेवा योजना :–

- फिट इंडिया फ्रीडम रन में जिला प्रशासन के सहयोग से स्वयंसेवियों ने भाग लिया।
- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व नेहरु युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में 1 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक स्वच्छ भारत अभियान जिसके दौरा साफ सफाई की गयी व पॉलिथीन इक्ठ्ठा किया गया ।
- स्वयंसेवियों द्वारा उप मंडलाधिकारी कार्यालय के तत्वाधान में कोरोना प्रतिरोधक टीकाकरण जागरुकता संबंधित लघु नाटिका का मंचन अलग–अलग स्थानों पर किया गया ।
- 20 स्वंयसेवियों ने आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य संबंधित 3 दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया ।
- नमामि रावि अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन के साथ संयुक्त तत्वाधान में रावी नदी के तट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया ।
- जिला के 3 स्वंयसेवियों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा उत्सव 2021 के लिए अंतिम छंटनी प्रक्रिया में भाग लिया ।
- 1 जनवरी से 7 जनवरी तक राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर सृजन 2021 का आयोजन किया गया ।
- 9 फरवरी 2022 को नेहरु युवा केन्द्र के साथ मिलकर जिला स्तरीय युवा संसद में 17 स्वंयसेवियों ने भाग लिया जिसमें यश राज और ऋत्विक ठाकुर प्रथम व द्वितीय रहे जिनका चयन राज्य स्तरीय युवा संसद हेतु हुआ । वर्तमान सत्र में नेहा शर्मा और खेम राज बेस्ट स्वंयसेवी चुने गये ।

## नेशनल कैडेट कोर :—

महाविद्यालय की नेशनल कैडेट कोर इकाई का संचालन सहायक प्राध्यापक अनित कुमार द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है । सत्र 2021—22 के लिए 35 कैडेट चयनित किए गए। वर्ष भर में आयोजित की गई इस ईकाई की गतिविधियों का विवरण इस प्रकार से है —

- NCC Unit द्वारा अप्रैल माह में चम्बा चलो रैली में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया गया । इसमें महाविद्यालय के 25 कैडेटस ने भाग लिया ।
- अगस्त 2021 में कैडेटस द्वारा Covid Awarness Rally का आयोजन किया गया जिसमें 40 कैडेटस ने भाग लिया ।
- 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस परेड में 50 कैडेटस ने भाग लिया ।
- सितम्बर माह में महाविद्यालय में स्वच्छता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें सभी कैडेटस ने भाग लिया ।
- अक्तूबर माह में सात दिवसीय ATC कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 50 कैडेटस ने भाग लिया ।
- नवम्बर माह में बनीखेत में आयोजित ATC कैम्प में महाविद्यालय के 24 कैडेटस ने भाग लियां ।

## महाविद्यालय अभिभावक : अध्यापक संघ :—

1. राजेश कुमार — प्रधान
2. सुभाष ठाकुर — उप प्रधान
3. इन्दर सिंह — सचिव
4. निर्मला देवी — कोषाध्यक्ष
5. निर्मला — सह सचिव
6. भास्कर सहगल — तकनीकी सलाहकार

## रोवर रेंजर ईकाई :—

राजकीय महाविद्यालय चम्बा की रोवर व रेंजर ईकाई, भारत के स्काउट एवं गाइड का एक रुप है । यह ईकाई अपने संरक्षक राज्य मुख्य आयुक्त एवं निदेशक उच्च शिक्षा, हिमाचल प्रदेश के निर्देश व आदेशानुसार कार्य करती है । वर्तमान में रोवर लीडर प्रोफेसर अविनाश तथा रेंजर लीडर प्रोफेसर शिवानी ठाकुर के नेतृत्व में 32 छात्र व छात्राएं काम कर रहे हैं ।

रोवर रेंजर इकाई ने रेड रिबन क्लब के साथ संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न प्राकर की गतिविधियों का आयोजन करवाया व महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं सफाई व्यव्सथा को सुचारु रुप से चलाने में अपना स्वैच्छिक योगदान दिया ।

इसके अतिरिक्त इकाई के रोवर रेंजर ने भारत स्काउट एण्ड गाइड द्वारा आयोजित "स्काउट अगेंस्ट कोरोना 2.0" के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं व गतिविधियों में भाग लिया तथा प्रमाण पत्र प्राप्त किए ।

## रेड रिबन क्लब :—

राजकीय महाविद्यालय चम्बा में रेड रिबन क्लब नोडल अधिकारी प्रोफेसर अविनाश के नेतृत्व में कार्य कर रहा है । रेड रिबन क्लब के त्तवाधान में विभिन्न प्रकार की सह—शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया है ।

जिला एड्स नियन्त्रण सोसाइटी द्वारा आयोजित शार्ट विडियो प्रतियोगिता में रेड रिबन क्लब के ऋत्विक ठाकुर व यश राज ने क्रमशः द्वितीय ओर तृतीय पुरस्कार हासिल किया ।

- अंतराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर ऑनलाईन नारा लेखन, पोस्टर बनाओ, क्लिक फोटोग्राफ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।
- जिला प्रशासन एवं निर्वाचन विभाग के तत्वावधान में स्वीप एवं मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत भाषण, वाद विवाद, प्रश्नोत्तरी व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष पर कोलाज बनाओ, पोस्टर बनाओ, नारा लेखन, भाषण, रंगोली बनाओ व निबन्ध लिखो प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया।
- नोडल अधिकारी व रेड रिबन क्लब स्वयम्सेवियों ने एड्स एच.आई.वी. सम्बन्धित एक दिवसीय कार्यशालाओं में भाग लिया ।
- 5 अक्तूबर 2021 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के साथ मिलकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए पोस्टर बनाओ और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया ।
- 30 अक्तूबर 2021 को एंटी ड्रग कल्ब द्वारा नशाखोरी, शराबखोरी व इनके दुष्प्रभाव विषय पर निबन्ध लेखन व कोलाज बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- इस सत्र में यश राज एवं सुदिक्षा ठाकुर बेस्ट स्वयंसेवी चुने गए।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत :–

हिमाचल प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के निदेशानुसार राजकीय महाविद्यालय चम्बा में भी " एक भारत " श्रेष्ठ भारत क्लब" का गठन किया गया है । राजकीय महाविद्यालय चम्बा के रुसा समन्वयक प्रोफेसर अविनाश को इस क्लब का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया । विभाग के निदेशानुसार महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, रोवर –रेंजर के 33 विद्यार्थियों, कैडेट व स्वयंसेवियों को इस क्लब का सदस्य चुना गया । विभाग द्वारा जारी गतिविधि कैलेंडर के अनुसार समय–समय पर विभिन्न प्राकर की सृजनात्मक एवं राष्ट्रनिर्माण सम्बंधी गतिविधियों का आयोजन इस क्लब के माध्यम से किया जा रहा है ।

- नेहा कुमार B.Sc. II Year को इस क्लब का छात्र संरक्षक (Student Mentor) चुना गया ।
- क्लब द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके दौरान प्रोफेसर परविन्द्र कुमार मुख्यातिथि व मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित रहे।

## Self Financing Courses

महाविद्यालय में **B.B.A, B.C.A., P.G.D.C.A.**तीन स्वयंवित्त संचालित **Professional Courses** चलाए जा रहे है। प्रत्येक **Course** में 40 सीटें है। इनमें तीस **Subsidies** और दस **Non Subsidies** है।

| **Name of Course** | **Coordinator** |
|---|---|
| **B.B.A** | प्रो॰ परविन्द्र |
| **B.C.A** | डॉ॰ हेमन्त पाल |
| **P.G.D.C.A** | डॉ॰ ज्योतिन्द्रा ठाकुर |

## B.Vocational Courses

नई पीढ़ी को कुशल बनाने के लिए Bachelor of Vocational Courses, के Nodal officer डॉ॰ महेन्द्र सलारिया की देख–रेख में महाविद्यालय में दो पाठ्यक्रम Retail Management तथा Hospitality & Tourism चलाऐ जा रहे है। इस सत्र में दोनों पाठ्यक्रम में 71–71 छात्र अध्ययनरत् है। दोंनो पाठ्यक्रम दो मुख्य भागों में बंटे हुए है एक भाग को General component तथा दूसरे भाग को Skill component कहते है। General component 40% है जबिक Skill component 60% है। फरवरी 2017 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने महाविद्यालयों में B.VoC. की शुरुआत की है।

## अन्य गतिविधियां :–

- 25–26 नवम्बर को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग के सहयोग से स्पेस जेनेसिस सोसाइटी के तत्वावधान में आकांक्षात्मक जिलों के अध्यापकों व विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय फोल्ड स्कोप कार्यशाला का आयोजन किया ।
- सड़क सुरक्षा कल्ब के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षियों ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी ।
- 5–7 अक्तूबर 2021 को "वन्यप्राणी सप्ताह–– को मनाते हुए सोसाइटी फॉर वाइल्ड लाइफ एण्ड नेचर, प्राणी विज्ञान विभाग के तत्वावधान में जागरुकता हेतू प्रश्नोत्तरी, पोस्टर बनाओ, नारा लेखन व वन्यप्राणी फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।
- प्राणी विभाग के विद्यार्थियों ने प्रो. अविनाश के नेतृत्व व मार्गदर्शन में मत्स्य पालन केन्द्र सुल्लतानपुर का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की मछलियों, उनकी प्रजनन प्रक्रिया, अण्डों, उनके खान–पान, हैचरी व बीमारियों के बारे में बताया गया ।
- भूगोल विभाग द्वारा एक दिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण का आयोजन किया गया । भ्रमण के लिए विद्यार्थियों ने छतराड़ी गांव का चयन किया तथा वहां का आर्थिक व सामाजिक सर्वेक्षण किया । इस क्षेत्रीय भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्राथमिक आंकड़ों को प्राप्त करने की विधियों को प्रायोगिक रुप से जाना ।
- बॉटनी विभाग के विद्यार्थियों के लिए Forest Nursery Udaipur का एक दिवसीय Field Trip का आयोजन किया गया ।

- निर्वाचन विभाग के तत्वाधान में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत 25 नवम्बर को मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में निर्वाचन कानूनगो श्री सुनील शर्मा विशेष रुप से उपस्थित रहे ।
- 8 मार्च 2020 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । पद्मश्री श्रीमती ललिता वकील मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित रहीं ।
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस से संबंधित कार्यक्रम व गतिविधियों का आयोजन स्पेस जेनेसिस व विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया । जिला चम्बा के माननीय उपायुक्त श्री डी.सी. राणा मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित रहे व विजेताओं को पुरस्कृत किया ।

## अध्यापकों की व्यक्तिगत उपलब्धियां :–

ओरियन्टेशन / रिफ्रेशर कोर्सेस :–

- वर्तमान सत्र में अंग्रेजी विभाग की डॉ. जयश्री ने UGC-HRDC जम्मू विश्वविद्यालय से 14 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया ।
- इसी सत्र में डॉ. चमन सिंह ने UGC-HRDC सावित्री बाई फूले विश्वविद्यालय पूणे से 14 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स सम्पूर्ण किया ।
- प्रो. अविनाश पाल व प्रो. सुमित ने Online माध्यम से 10 दिवसीय Summer Field School में भाग लिया ।
- प्रो. सुमित, प्रो. अनित कुमार व प्रो. शिवानी ठाकुर ने 14 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स रामानुजन महाविद्यालय दिल्ली से किया ।
- इसके अतिरिक्त डॉ. सन्तोष , डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. आशीष शर्मा, प्रो. केहर सिंह, डॉ. उपेन्द्र गुप्ता, प्रो. निशा, डॉ. परणिता कुमारी व डॉ. विदुषी शर्मा ने रामानुजन महाविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित 4 सप्ताहिक ऑरिंटेशन प्रोग्राम में भाग लिया ।

## राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, पुस्तक प्रकाशन :–

- वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के प्रध्यापक डॉ. विजय नाग, डॉ. जयश्री, प्रो. परविन्द्र कुमार व डॉ सन्तोष कुमार को सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति हेतू DAV College बनीखेत में Subject Expert Panel में शामिल किया गया ।
- अर्थशास्त्र विभाग के सह आचार्य डॉ विजय नाग ने इस सत्र में राजकीय महाविद्यालय चम्बा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "Sustainable Development Goods, Development and Tourism in Indian Himalayan Region and Beyond" में अध्यक्षीय अभिभाषण दिया व अपना शोध पत्र भी प्रस्तुत किया ।

- सामाज शास्त्र विभाग के सह–आचार्य डॉ मोहिन्द्र सलारिया ने "Climate Change and Ecosystem Restoration" विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में Technical Session Chair किया/इन्होंने कोल्हापुर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में अध्यक्षीय अभिभाषण प्रस्तुत किया व रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संगोष्ठी में अपना शोध पत्र पढ़ा। इस सत्र में डॉ. सलारिया की 3 पुस्तकें ईटानगर विश्वविद्यालय एवं 02 पुस्तकें डिबरुगढ़ व गुवाहटी विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए प्रकाशित हुई हैं।इसके अतिरिक्त इनकी 2 पुस्तकें "Culture, Development and Society & Objective Sociology" भी इसी सत्र में प्रकाशित हुई हैं।
- प्राणी विभाग के सहायक आचार्य डॉ मनेश वर्मा, प्रो. अविनाश पाल व गणित विभाग के सहायक आचार्य डा. तेज सिंह ने राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन "Society, Environment and Sustainable Development (NCSESA 2022)" में भाग लिया व अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त डॉ तेज सिंह ने हिमाचल गणित परिषद द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन " Recent Trends in Mathematical Sciences (ICRTMS-2021)" में भी अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ. मनेश वर्मा ने High Attitude Info Solution Pvt. Ltd. द्वारा 01 दिवसीय Online Admission Programme व 5 दिवसीय " Online Training Programme on operation of SOUL 3.0" में भाग लिया।
- प्राणी विभाग के सहायक आचार्य प्रो. अविनाश पाल ने 5 अक्तूबर 2021 को खंड स्त्रोत समन्वयक सभागार में चम्बा शिक्षा खंड के SMC सदस्यों के लिए नई शिक्षा नीति पर व्याख्यान दिया।
- 22 मई 2021 को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष पर जिला चम्बा शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित पैनल चर्चा के दौरान प्रो. अविनाश नें मुख्य स्त्रोत व्यक्ति के रुप में सेवाएं दी। प्रो. पाल ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य संबंधित 03 दिवसीय कार्यशाला में भी भाग लिया तथा अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2021 में जिला पर्यवेक्षक के रुप में भी इन्होने अपनी सेवाएं दी।
- बॉटनी विभाग की सहायक आचार्य डॉ पूनम सबरवाल ने "Biofestilizers" विषय पर एक पाठ्यपुस्तक प्रकाशित की तथा इसी सत्र में इन्हे PHD की उपाधि पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से प्राप्त हुई।

- कम्पयूटर साईस विभाग के सहायक अचार्य डॉ. चमन सिंह को इस सत्र में शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा " Excellence and Exceptional Evalution" Award से नवाजा गया ।
- वर्तमान सत्र में हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. संतोष कुमार को निखिल प्रकाशन समूह आगरा, उतर प्रदेश द्वारा "साहित्य साधना सम्मान" द्वारा सम्मानित किया गया । डॉ सन्तोष की "अनन्त आकांक्षाओं का आकाश" काव्य संग्रह में तीन कविताओं को स्थान मिला ।
- भूगोल विभाग से प्रो. निशा कुमारी ने वर्तमान सत्र में 2 अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया । इसी विभाग से प्रो. शिवानी ठाकुर ने 3 राष्ट्रीय एवं 1 अर्न्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया व शोध पत्र प्रस्तुत किए ।
- राजकीय महाविद्यालय चम्बा में आयोजित अन्तराष्ट्रीय सम्मेलन में महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग डॉ. हेमंत पाल, डॉ. अविनाश पाल, डा. तेज सिंह, डॉ. संतोष कुमार, डॉ उपेन्द्र गुप्ता, डॉ. पूनम सबरवाल, प्रो. केहर सिंह , प्रो. अनित कुमार, प्रो. विरेन्द्र कुमार, प्रो. पूर्णिमा शर्मा, प्रो. सुमित, प्रो. निशा कुमारी व प्रो. शिवानी ठाकुर ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए ।

## सत्र 2020–21 में महाविद्यालय की उपलब्धियां एवं विकास कार्यो का संक्षिप्त विवरण :–

- वर्तमान सत्र में राजकीय महाविद्यालय चम्बा को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा मिशन के अंतर्गत "जिला ग्रीन चैंपियन" के आवार्ड से सम्मानित किया गया ।
- यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि वर्तमान सत्र में हमारे महाविद्यालय को उत्कृष्ट महाविद्यालय घोषित किया गया है । इस योजना के अन्तर्गत 1करोड़ की राशि महाविद्यालय को प्राप्त हुई है । इस राशि से महाविद्यालय में अनेक प्रगति के कार्य किए गए हैं, जिनमें Smart Class Rooms, Open Air Gym, Computer, विभिन्न विषयों के Software तथा अन्य आधारभूत ढांचे को विकसित किया गया । 16 मार्च 2022 को रोजगार विभाग के सहयोग से प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया । इस रोजगार मेले में 300 अभ्यर्थियों को रोजगार मिला, जिसमें 38 अभ्यार्थी महाविद्यालय में अध्ययनरत हैं ।

- इसी सत्र में महाविद्यालय में अंतराष्ट्रीय सम्मेलन (Hybrid) " Sustainable Development Goods Developments and Tourism in Indian Himalayan Region and Beyond" का आयोजन किया गया । इसके अतिरिक्त '' नई शिक्षा नीति एवं सतत विकास लक्ष्य'' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सिंपोजियम तथा महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए ''उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।
- वर्तमान सत्र में ही महाविद्यालय में Botanical Garden] Waste Management System स्थापित किया गया है। इसके साथ –साथ सौर ऊर्जा प्लांट भी इसी शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय में स्थापित हो जाएगा । इसके लिए महाविद्यालय ने 10 लाख की धन राशि जमा करवा दी गई है ।
- राजकीय महाविद्यालय चम्बा में जिला स्वास्थ्यविभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से अध्यापकों, अन्य कर्मचारियों, विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के लिए कोरोना प्रतिरोधक टीकाकरण के 15 कैंप लगाएं जा चुके हैं।

इस सत्र में ही महाविद्यालय में चार दीवारी का निर्माण भी किया गया तथा MP Hall में स्टेज का निर्माण भी किया गया है ।

## हमारी कुछ मांगें (महाविद्यालय की अगामी परिकल्पना):—

अन्त में मैं मुख्यातिथि के ध्यानार्थ कुछ समस्याओं को लाना चाहता हूँ, जो हमारे लिए बेहद गम्भीर है । वर्तमान में महाविद्यालय में लोक प्रशासन, शारीरिक शिक्षा, संस्कृत, संगीत, भू–विज्ञान विषयों का एक भी प्राध्यापक नहीं हैं । अतः महोदय से निवेदन है कि इन रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारु रुप से चल सके ।

महोदय खेलकूद से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है । परन्तु महाविद्यालय के पास अब तक अपना खेल का मैदान नहीं है । अतः महोदय से निवेदन है कि महाविद्यालय के साथ में खाली पड़ी जमीन पर चारदिवारी लगवाकर उस जगह को खेल के मैदान में परिवर्तित किया जाए । इसके लिए हम अपने अभारी रहेंगे ।

महोदय जो भी समस्याऐं या मांग हम आपके सामक्ष रखते है उसे सुलझाने में आप हमेशा तत्पर रहते हैं, महाविद्यालय को यह ज्ञात है कि माननीय मुख्यतिथि महोदय हमारी उपरोक्त समस्याओं का समाधान करने में पूर्ण रुप से सक्षम है। हमें आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप हमारी इन सभी समस्याओं का निदान करके हमें व इस महाविद्यालय को कृतार्थ करेंगे।

अंत में मैं महाविद्यालय के विद्यार्थीगण, प्राध्यापक वर्ग व गैर प्राध्यापक वर्ग के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने पूरे सत्र में इस महाविद्यालय के सुचारू संचालन में पूर्ण सहयोग दिया। मैं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग, परिवहन एवं संचार विभाग सहित समस्त विभागों का हार्दिक धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस महाविद्यालय की आवश्यकताओं के अनुरूप यथासंभव पूर्ण सहयोग दिया। समाचारपत्रों के समस्त संवाददाताओं के प्रति भी आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने समय–समय पर महाविद्यालय की गतिविधियों में रूचि लेकर अमूल्य सहयोग दिया। मैं अभिभावक– प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार एवं अन्य सदस्यों के प्रति भी धन्यवाद प्रकट करता हूं जिन्होंने पूरे सत्र में समय–समय पर अपना सहयोग दिया।

मैं पुनः माननीय मुख्यातिथि महोदय का हार्दिक अभिनन्दन व धन्यवाद करता हूं जिन्होंनें अपना कीमती समय निकाल कर हमारे विद्यार्थियों को शुभ आशीर्वाद प्रदान किया तथा इनका उत्साहवर्द्धन करने के लिए हमारे बीच में पधारे हैं।

जय हिन्द !

दिनांक
5 अप्रैल 2022

प्राचार्य
डॉ॰ शिवदयाल